मैं दुखियारा दर तेरे आया | By Yogendra- Kamal

सारे जगत ने मुझको रुलाया
मैं दुखियारा दर तेरे आया
अपनों ने गैरों ने मुझे ठुकराया
मैं दुखियारा दर तेरे आया

याद मुझे बस तेरी आई
याद करूँ आँखें भर आई
रो रो कर मैं करूँ दुहाई करूँ दुहाई
तूने मुझे क्या समझा पराया
मैं दुखियारा दर तेरे आया

मुश्किल हुआ है तुझ बिन जीना
जान भी जाए पड़े ज़हर भी पीना
तुझ बिन श्याम नहीं अब जीना
हारे का साथी तू जग है पराया
मैं दुखियारा दर तेरे आया

कैसी अनोखी ये श्याम कहानी
रोके रुके ना आँखों से पानी
योगेंद्र कमल ने गाई ज़ुबानी
सबके दिलों में तू है समाया
मैं दुखियारा दर तेरे आया

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%88%e0%a4%82-%e0%a4%a6%e0%a5%81%e0%a4%96%e0%a4%bf%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%a6%e0%a4%b0-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%86%e0%a4%af%e0%a4%be-by-yogendra/